# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय

## भोपाल, मध्यप्रदेश

पिनकोड - 462002 | टेलीफोन नंबर: 0755-2660717 | ईमेल: hegmlbgpgcbho@mp.gov.in

**NAAC Grade: A**

## प्रारूप

महाविद्यालय में सत्र **2026-27** के लिये जनभागीदारी समिति द्वारा विभिन्न विषयों की अध्यापन व्यवस्था हेतु अतिथि विद्वान, विजिटिंग फैकल्टी, प्रयोगशाला तकनीशियन, प्रयोगशाला परिचारक एवं संगतकार के पदों हेतु सादे कागज पर निम्नानुसार आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-

| क्र. | विभाग / विषय / पाठ्यक्रम | पद | पद संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एग्रीकल्चर | अतिथि विद्वान | 03 | एम.एससी एग्रीकल्चर |
| 2 | माइक्रोबायोलॉजी | अतिथि विद्वान | 01 | एम.एससी माइक्रोबायोलॉजी |
| 3 | बायोटेक्नोलॉजी | अतिथि विद्वान | 01 | एम.एससी बायोटेक्नोलॉजी |
| 4 | गणित | विजिटिंग फैकल्टी | 02 | एम.एससी गणित |
| 5 | सांख्यिकी | विजिटिंग फैकल्टी | 01 | एम.ए. / एम.एससी सांख्यिकी |
| 6 | भूगोल | विजिटिंग फैकल्टी | 01 | एम.ए. भूगोल |
| 7 | उर्दू | विजिटिंग फैकल्टी | 01 | एम.ए. उर्दू |
| 8 | नृत्य / लोक नृत्य | विजिटिंग फैकल्टी | 01 | एम.ए. कथक नृत्य (लोक नृत्य में विशेषज्ञता) |
| 9 | हेल्थ केयर मैनेजमेंट | विजिटिंग फैकल्टी | 01 | एम.बी.ए. / एम.एच.ए. / पी.जी. डिप्लोमा हेल्थ केयर मैनेजमेंट एवं प्रबंधन, स्नातक एवं स्वास्थ्य सेवा संगठन में 03 वर्ष का कार्य अनुभव |
| 10 | मनोविज्ञान | मैनेजमेंट काउन्सलर | 01 | एम.ए. मनोविज्ञान तथा गाइडेंस एवं काउन्सिलिंग में पी.जी. डिप्लोमा / मनोवैज्ञानिक / सामाजिक कार्यकर्ता (सोशल वर्क में स्नातकोत्तर) / साइकियाट्रिक सामाजिक कार्यकर्ता / गाइडेंस काउन्सलिंग में पी.जी. डिप्लोमा सहित शोधार्थी |
| 11 | कम्प्यूटर | प्रयोगशाला तकनीशियन | 01 | |

| क्र. | विभाग / विषय / पाठ्यक्रम | पद | पद संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता (न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ) |
|---|---|---|---|---|
| | | | | संबंधित विषय के साथ विज्ञान स्नातक एवं प्रयोगशाला अनुभवी को प्राथमिकता |
| 12 | कम्प्यूटर | प्रयोगशाला परिचारक | 02 | कक्षा 10वीं उत्तीर्ण एवं संबंधित विषय में प्रयोगशाला में कार्य अनुभव को प्राथमिकता |
| 13 | नृत्य: तबला वादक | संगतकार | 01 | मान्यता प्राप्त संस्थान से 06 वर्षीय संगीत प्रभाकर / संगीतविद् / विशारद डिप्लोमा तथा गायन / नृत्य के साथ तबला वादन का अनुभव |
| 14 | नृत्य: हारमोनियम वादक लहरा / गायन | संगतकार | 01 | मान्यता प्राप्त संस्थान से 06 वर्षीय संगीत प्रभाकर / संगीतविद् / विशारद डिप्लोमा तथा गायन / नृत्य के साथ हारमोनियम वादन का अनुभव |

## विजिटिंग फैकल्टी - आवेदकों हेतु योग्यता नियम एवं शर्तें

1. विजिटिंग फैकल्टी का चयन पूर्णतः मेरिट के आधार पर होगा। चयन हेतु कुल निर्धारित अंक = 100 होंगे, जिनका विभाजन निम्नानुसार होगा:
   - स्नातकोत्तर स्तर के प्राप्तांकों का 40% (उदाहरणार्थ: जैसे 82% होने पर उसका 40% = ***82 × 40 / 100 = 32.8%***)
   - Ph.D. / NET या SET अथवा दोनों पर: 20 अंक
   - साक्षात्कार पर: 20 अंक
   - शिक्षण कौशल (Teaching Skills) पर: 20 अंक
2. आयु सीमा: 65 वर्ष तक।
3. पारिश्रमिक: रूपये 400/- प्रति व्याख्यान।
4. प्रतिदिन व्याख्यान: अधिकतम 03 व्याख्यान।
5. साक्षात्कार हेतु चयनित विद्वानों की संख्या: एक पद के विरूद्ध = 06 अभ्यर्थी।
6. साक्षात्कार में उपस्थिति अनिवार्य होगी। चयनित विद्वान को मेरिट क्रम में सहमति एवं आवश्यकता के आधार पर बुलाया जायेगा।
7. विजिटिंग फैकल्टी किसी भी दृष्टि से महाविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेंगे और न ही वे लोक सेवा की विधि निहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक माने जायेंगे। यह आमंत्रण पूर्णतः अस्थायी प्रकृति का है।

## अतिथि विद्वान (Guest Faculty) हेतु नियम एवं शर्तें

1. अतिथि विद्वान की योग्यता का निर्धारण म.प्र. शासन उच्च शिक्षा के आदेश क्र. एफ1/1/201/2023/38-1 दिनांक 05.10.2023 के आधार पर होगा।
2. अतिथि विद्वानों का चयन का आधार, विजिटिंग फैकल्टी के चयन हेतु निर्धारित बिंदु क्रमांक 01 के समान होगा।
3. अतिथि विद्वानों को प्रतिदिवस 1500/- रूपये मानदेय प्रदान किया जाएगा।

4. महाविद्यालय में 07 घंटे प्रति कार्य दिवस सार्थक एप द्वारा उपस्थिति अनिवार्य होगी।
5. अतिथि विद्वान किसी भी दृष्टि से महाविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेंगे और न ही वे लोक सेवा की विधि निहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक माने जायेंगे। यह आमंत्रण पूर्णतः अस्थायी प्रकृति का है।

## प्रयोगशाला तकनीशियन एवं संगतकार हेतु नियम एवं शर्तें

1. संबंधित विषय के स्नातक के प्राप्त प्राप्तांकों का 80% एवं साक्षात्कार का 20% के आधार पर मेरिट के अनुसार चयन होगा।
2. संबंधित विषय में प्रयोगशाला में कार्य करने के अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।
3. संगतकार हेतु मान्यता प्राप्त संस्थान से 06 वर्षीय संगीत प्रभाकर / संगीतविद् / विशारद डिप्लोमा तथा गायन या नृत्य के साथ तबला / हारमोनियम वादन का अनुभव होना अनिवार्य है।
4. प्रयोगशाला तकनीशियन एवं संगतकार का मानदेय जिला कलेक्टर द्वारा निर्धारित उच्च कुशल की दर से भुगतान किया जायेगा।
5. प्रयोगशाला तकनीशियन एवं संगतकार किसी भी दृष्टि से महाविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेंगे और न ही वे लोक सेवा की विधि निहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक माने जायेंगे। यह आमंत्रण पूर्णतः अस्थायी प्रकृति का है।

## प्रयोगशाला परिचारक हेतु नियम एवं शर्तें

1. आवेदक के 10वीं के प्राप्त प्राप्तांकों का 80% एवं साक्षात्कार का 20% के आधार पर मेरिट के अनुसार चयन होगा।
2. आवेदक के प्राप्तांकों के मेरिट एवं साक्षात्कार के आधार पर चयन किया जायेगा।
3. संबंधित विषय में प्रयोगशाला में कार्य करने के अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।
4. प्रयोगशाला परिचारक का मानदेय जिला कलेक्टर द्वारा निर्धारित अर्द्धकुशल की दर से भुगतान किया जायेगा।
5. प्रयोगशाला परिचारक किसी भी दृष्टि से महाविद्यालय स्थापना के अंतर्गत नहीं माने जायेंगे और न ही वे लोक सेवा की विधि निहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक माने जायेंगे। यह आमंत्रण पूर्णतः अस्थायी प्रकृति का है।

## आवेदन हेतु सामान्य नियम

1. सभी आवेदन **प्राचार्य एवं सदस्य सचिव, जनभागीदारी समिति, शास. महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल** के नाम संबोधित किये जायें।
2. इच्छुक अभ्यर्थी समस्त सुसंगत प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित ए-4 साइज के कागज पर आवेदन पत्र महाविद्यालय में विज्ञापन में दर्शित अंतिम तिथि तक जमा करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् आवेदन स्वीकार नहीं किए जायेंगे।
3. यदि अभ्यर्थी दो पाठ्यक्रम में आवेदन करना चाहते हैं तो इस हेतु पृथक-पृथक आवेदन करना होगा।
4. अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र में फोटो सहित पूर्ण विवरण दें एवं संपर्क हेतु अपना व्हाट्सएप (Whatsapp) वाला नंबर तथा आधार कार्ड की प्रति अवश्य संलग्न करें।
5. आवेदन पत्र भेजने वाले लिफाफे के ऊपर पद, विषय, मोबाइल नंबर (Whatsapp वाला) एवं वर्तमान पता अवश्य लिखें।
6. आवश्यक प्रमाण पत्रों की सत्यापित छाया प्रति आवेदन में संलग्न न होने की स्थिति में संबंधित अधिभार नहीं जोड़ा जायेगा।
7. महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति को संपूर्ण चयन प्रक्रिया अथवा उसके भाग को निरस्त करने या संशोधन करने का विधिक अधिकार सुरक्षित रहेगा।

8. किसी भी कार्य पर आमंत्रण आवश्यकता के आधार पर होगा एवं बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकेगा।

**(डॉ. अजय अग्रवाल)**
प्र. प्राचार्य / प्राचार्य
शासकीय म.ल.बा. कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय,
भोपाल (म.प्र.)

**प्राचार्य एवं सचिव (जनभागीदारी समिति)**
शासकीय म.ल.बा. कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय,
भोपाल (म.प्र.)